भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 1697

सोमवार, 31 जुलाई, 2023/09 श्रावण, 1945 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

राजस्थान में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत परियोजनाएं

1697. श्री रामचरण बोहरा:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि राजस्थान में कई प्रसिद्ध पर्यटन और धार्मिक स्थल हैं,

(ख) राजस्थान में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत किन-किन परियोजनाओं के लिए योजनाएं बनाई गई हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ): राजस्थान राज्य में कई प्रसिद्ध पर्यटन और विभिन्न धर्मों से संबंधित लोगों के आस्था के स्थल हैं। पर्यटन मंत्रालय ने अपनी 'स्वदेश दर्शन' योजना के तहत राजस्थान में 04 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनका ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है। पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन गंतव्यों को विकसित करने के उद्देश्य से इस योजना को 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)' के रूप में परिवर्तित किया है और एसडी 2.0 के तहत विकास के लिए राजस्थान में बूंदी (केशोरायपाटन) और जोधपुर नामक गंतव्यों को चिन्हित किया है।

****

अनुबंध

राजस्थान में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत परियोजनाएं के सम्बन्ध में दिनांक 31.07.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 1697 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना के तहत राजस्थान में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण।

(राशि करोड़ रु में)

क्र. सं.	परिपथ/स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि	उपयोग की गई राशि	भौतिक प्रगति
1	मरुस्थल परिपथ/ 2015-16	सांभर लेक टाउन और अन्य स्थलों का विकास	50.01	50.01	55.89	पूर्ण
2	कृष्ण परिपथ/ 2016-17	गोविंद देव जी मंदिर (जयपुर), खाटूश्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का विकास	75.80	72.01	67.30	99% पूर्ण हो गया है।
3	आध्यात्मिक परिपथ/ 2016-17	आध्यात्मिक परिपथ का विकास- 'चूरू (सालासर बालाजी) का विकास - जयपुर (श्री सामोदके बालाजी, घाटकेबालाजी, बंधेके बालाजी) - विराटनगर (बीजक, जैननासिया, अंबिका मंदिर)-भरतपुर (कामां क्षेत्र)- धौलपुर (मुचकुंड) - मेहंदीपुर बालाजी- चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी)	87.05	72.23	75.03	पूर्ण
4	विरासत परिपथ/ 2017-18	राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (जयपुर और नाहरगढ़ किले में अग्रभाग की प्रकाश व्यवस्था) - झालावाड़ (गागरोन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) - जैसलमेर (जैसलमेर किला) - हनुमानगढ़ (गोगामेड़ी) - उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) - धौलपुर (बाग-ए-नीलोफोर और पुरानी छावनी) - नागौर (मीरा बाई स्मारक, मेड़ता) - टोंक (सुनहरी कोठी) का विकास	70.61	60.91	67.04	पूर्ण

****